# यूपीईएस यूनिवर्सिटी में तैयार होंगे हाई क्वालिटी इंजीनियर

## यूपीईएस यूनिवर्सिटी का बजाज कंपनी के साथ एमओयू साइन

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (5 Aug):** वैश्विक स्तर पर इंजीनियरों के लिए यूपीईएस युनिवर्सिटी उत्कृष्ट सेंटर बनने जा रहा है. इंजीनियरिंग ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारकों को 21वीं सदी की तकनीकों में प्रशिक्षित करने और उन्हें वैश्विक स्तर पर पेशेवर बनाने की योजना बनाई गई है. इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए यूपीईएस यूनिवर्सिटी और बजाज ऑटो लिमिटेड कंपनी के बीच एमओयू साइन हुआ. करार के अनुसार बजाज ऑटो लिमिटेड कंपनी अपनी सीएसआर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में यूपीईएस में एक एडवांस्ड बजाज इंजीनियरिंग कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



यूपीईएस और बजाज के बीच हुआ एमओयू.

### टॉप यूनिवर्सिटीज का मिलेगा सहयोग

यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने करार के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों के सहयोग से अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करके देश मे दूसरे और तीसरे श्रेणी के इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कॉलेजों को सशक्त बनाना है. दो संस्थान के यह संयुक्त प्रयास छात्रों के लिए दो पूर्णकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेंगे.

इस कार्यक्रम में मेक्ट्रोनिक्स, मोशन कंट्रोल, सेंसर टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्शन, ऑटोमेशन और इंडस्ट्री तैयार किया गया है. इसका उद्देश्य मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री में मौजूदा कौशल अंतर को पाटना है. करार पर हस्ताक्षर के दौरान बजाज कंपनी से उपाध्यक्ष गुडीपति व यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने हस्ताक्षर किए.